हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 17 जून, 2025

11 लंबित मांगों को लेकर डीईओ से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ...



12 ब्लॉक समिति मामले में रोचक मोड़, अविश्वास प्रस्ताव पर...



## खबर संक्षेप

### शहर से हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने गऊशाला रोड पर नाकाबंदी के दौरान स्कूटी सवार युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30.16 हेरोइन बरामद की है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रवीन शर्मा पुत्र महेन्द्र डूढ़सह निवासी विद्युत नगर, हिसार हाल अनाज मण्डी, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान रतिया अनाज मण्डी पहुंची तो पुलिस ने सूचना के आधार पर युवक को काबू कर लिया।

### विमान हादसे पर अग्रवाल सभा रतिया ने जताया शोक

**रतिया।** अग्रवाल सभा रतिया की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने की। इस बैठक में बीते दिनों अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### साइबर ठगी के मामले में युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना भूना पुलिस ने साइबर ठगी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अनुज पुत्र शंकर निवासी शंकरपुरा, जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से दो हजार की नकदी भी बरामद की गई है।

### लायंस क्लब सिरसा स्टार की कार्यकारिणी गठित

**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा स्टार की सोमवार को बैठक हुई, जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया। कोषाध्यक्ष संजय अरोड़ा ने बताया कि प्रधान पद के लिए नीरज वधवा को चयनित किया गया। उनके अलावा सचिव मनोज ईगल, कोषाध्यक्ष राजेश अरोड़ा के चयन के साथ-साथ उपप्रधान इंद्र मेहता को सर्वसम्मति से मनोनीत किया एवं उन्हें ही आगामी कार्यकारिणी घोषित करने का अधिकार दिया।

### नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश यश मलिक ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 19 शिकायतें आईं। नगराधीश यश मलिक ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ तय समय में पूरा करें, ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले।

### खेत में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सिरसा।** नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने गांव दड़बा कलां के खेतों में बने मकान से दो फराटे पंखे और दो सप्रे करने वाली ढोलकियां चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजेंद्र उर्फ राजू पुत्र जीत पाल निवासी बजीतपुर, पंजाब और देबू पुत्र दुली चंद निवासी दड़बा कलां के रूप में हुई है।

### पुलिस ने हेरोइन तस्कर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** कारगिल के नाम से मशहूर शहर के गुरूनानकपुरा मोहल्ले में पुलिस टीम ने सोमवार सुबह सर्च अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस के साथ खोजी कुत्ते जैक और रैबो भी शामिल रहे। इस दौरान पुलिस ने युवक को 10.03 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ अजी के रूप में हुई है।

## अनकमांड एरिया घोषित है गांव जांडली, सिंचाई का एकमात्र साधन भूजल

# चंद्रावल के किसानों के पाइप लाइन दबाने से उग्र हुए जांडली के ग्रामीण

### समस्या को लेकर एडीसी से मिले किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

नहरी पानी से वंचित गांव जाण्डली खुर्द से पड़ोस के गांव चन्द्रावल के कुछ किसानों द्वारा अंडरग्राऊंड पाइप लाइन बिछाकर खेतों की सिंचाई के लिए पानी ले जाने के मामले में गांव जांडली कलां के किसान उग्र हो गए हैं। इस मामले को लेकर सोमवार को गांव के सैंकड़ों किसान एकत्रित होकर लघु सचिवालय पहुंच गए और एडीसी को ज्ञापन सौंपकर पाइप लाइन बिछाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। किसानों का कहना है कि जांडली गांव अनकमांड एरिया में आता है। किसान यहां पर सबमर्सीबल ट्यूबवेल से सिंचाई करते है। यही कारण है कि यहां का भूजल स्तर 50 फुट से गिरकर 225 फुट तक चला गया है। एडीसी अनुराग ढालिया ने किसानों को इस मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। एडीसी से मिलने आए गांव जांडली खुर्द के सरपंच बलवंत सिंह, ब्लाक समिति भूना के चेयरमैन महेन्द्र सिंह, धर्मपाल नंबरदार, कुलदीप सिंह, नरेन्द्र, रामकुमार सहित दर्जनों किसानों ने कहा कि गांव चन्द्रावल के किसान महेन्द्र सिंह व चरण सिंह द्वारा गांव जांडली खुर्द के खेतों से अपने खेतों में पानी लगाने के लिए सबमर्सीबल ट्यूबवेल लगाकर वे भूमिगत पाइप लाइन बिछाना चाहते हैं। किसानों के अनुसार गांव जाण्डली खुर्द के खेतों में पहले ही भूमि का जलस्तर काफी नीचे है। यह पहले लगभग 50 फीट पर था जो अब ओर गिरकर 225 फीट तक चला गया है। उन्होंने कहा कि गांव जाण्डली खुर्द सरकार द्वारा जलस्तर के मामले में रेड जोन एरिया घोषित किया हुआ है। जाण्डली खुर्द का यह इलाका अनकमांड रकबा है, यहां सिर्फ सबमर्सीबल का ही सहारा है। यह पाइप लाइन बिछने से पानी का स्तर ओर नीचे चला जाएगा क्योंकि यह पाइप लाइन वह खेतों में धान की फसल पकाने के लिए लेकर जा रहे हैं जिसमें बहुत अधिक पानी की जरूरत पड़ेगी।





**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते जाण्डली खुर्द के किसान व डीसी से मिलने आए गांव जाण्डली के किसान। फोटो: हरिभूमि

### क्या होता है अनकमांड एरिया

- ▶▶वह क्षेत्र जहां सिंचाई की सुविधा नहीं है और किसान वर्षा पर निर्भर होते हैं।
- ▶▶इन क्षेत्रों में, कृषि उत्पादन वर्षा की मात्रा और समय पर निर्भर करता है।
- ▶▶अनकमांड क्षेत्रों में, सिंचाई की कमी के कारण कृषि उत्पादकता कम होती है।

\

दरअसल गांव जाण्डली खुर्द से चन्द्रावल गांव मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर ही है। खेतों में यह दूरी ओर भी कम पड़ती है। आज से 20 साल पहले गांव चन्द्रावल के लोग जाण्डली से पाइप लाइन डालकर पानी ले जा रहे थे। उस समय जाण्डली में भूजल स्तर मात्र 50 फुट था। अब परिस्थितियां बदली हुई हैं। यहां भूजल स्तर 225 फुट तक पहुंच गया है। यही कारण है कि जिन किसानों ने पहले यहां से पाइप ले जा रखी थी कि उन्होंने यह कहकर पाइप लाइन बंद कर दी कि जाण्डली का भूजल स्तर नीचे जा रहा है। अब गांव चन्द्रावल के दो किसानों महेन्द्र सिंह व चरण सिंह ने जानबूझ कर शरारत के उद्देश्य से गांव जाण्डली में 4-5 मरले जमीन खरीदी और यहां ट्यूब्वैल लगाकर वह यहां से पानी चन्द्रावल ले जाना चाहते हैं।

### जांडली में जमीन खरीदकर लगाना चाहते है ट्यूबबेल

इन गांवों में धान की खेती होती है। गांव चन्द्रावल का जमीनी पानी ठीक नहीं है। वह किसान जाण्डली गांव में मामूली जमीन खरीदकर ट्यूब्वैल लगाना चाहते हैं। वह यहां से पानी ले जाकर चन्द्रावल में धान की खेती करना चाहते हैं। हालांकि गांव जाण्डली को प्रदेश सरकार ने रेड जोन के साथ अनकमांड एरिया घोषित कर रखा है। ग्राम पंचायत ने यह भी फैसला किया था कि अगर किसी किसान का यहां जमीन खरीदने या ट्यूब्वैल लगाने में कोई पैसा लगा है तो वह ग्राम पंचायत देने को तैयार हैं।



रतिया। हेरोइन सहित पकड़ा गया दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

# कपड़ों का दुकानदार बेचता था हेरोइन, किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतिया

- 18.44 ग्राम हेरोइन बरामद

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने रतिया क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरमीत उर्फ अमरीक सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी अलीका के रूप में हुई है। आरोपी गांव में कपड़ों की दुकान चलाता है और वह नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री में भी संलिप्त था। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गांव कलोठा में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अलीका निवासी गुरमीत सिंह हेरोइन बचने का काम करता है। आज भी वह गांव में अपनी कपड़ों की दुकान के आगे गली में हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम गांव अलीका में गली में पहुंची तो कपड़ों की दुकान के बाहर सीढ़ियों पर एक युवक बैठा दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को शक के आधार पर काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम गुरमीत बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 18.44 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना सदर रतिया में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# धान की रोपाई के साथ ही इफको पर पहुंचा यूरिया का स्टॉक, खरीदने के लिए उमड़ी किसानों की भीड़

- किसान यूरिया के बदले एनपीके डालने को तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

जिले में आज से धान रोपाई का काम शुरू हो गया। पिछले 15 दिनों से धान रोपाई का इंतजार कर रहे किसानों के लिए बड़ी समस्या यह थी कि उन्हें धान रोपाई के लिए यूरिया नहीं मिल रही थी। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को यूरिया के बदले एनपीके डालने की सलाह दे रहे थे लेकिन इस बात को मानने को तैयार नहीं थे। दरअसल किसान लंबे समय से डीएपी खाद का ही प्रयोग कर रहे हैं। यही कारण था कि किसान पिछले दिनों से ब्लैक में यूरिया खरीद रहे थे। सोमवार को शिवालय मार्केट में स्थित इफको खाद केंद्र पर यूरिया खाद पहुंची तो यूरिया खरीदने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### 18 हजार टन डीएपी का कोटा किया निर्धारित

कृषि विभाग ने जिले के लिए 18 हजार टन डीएपी का कोटा निर्धारित कर रखा है। अब तक महज 5500 टन खाद की ही आवक हुई है। खरीफ फसल की बिजाई में एक महीना ही शेष रह गया है। किसानों का मानना है कि डीएपी डालने से धान में पानी की कम जरूरत पड़ती है। डाई-अमेनियम फास्फेट यानि डीएपी में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन और 46 प्रतिशत फास्फोरस होता है। जिस जमीन में डीएपी का प्रयोग होता है वह जमीन सख्त हो जाती है जिससे धान की रोपाई के बाद जमीन पानी कम सोखती है। किसान पिछले कई दिनों से यूरिया के लिए शिवालय मार्किट स्थित इफको खरीद केन्द्र के चक्कर लगा रहे थे। सोमवार को जैसे ही किसानों को यूरिया आने की सूचना मिली तो उसके बाद किसानों की भीड़ वहां पर इक_I हो गई। इसके बाद कर्मचारियों ने व्यवस्था संभालते हुए टोकन सिस्टम शुरू कर दिया। कर्मचारी की ओर से 100 किसानों को यह यूरिया खाद दी जाएगी। प्रत्येक किसान को 12 यूरिया के बैग दिए जाएंगे। पुलिस बुलाने की जरूरत नही पड़ी, कर्मचारियों ने व्यवस्था को संभाल लिया इसके बाद किसानों को खाद बांटने का काम शुरू हुआ।

# मनरेगा कार्य में मैट पर फर्जी हाजरी लगाने का आरोप

- एसडीएम व नगराधीश ने समाधान शिविर में शिकायतों को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता ने संयुक्त रूप से समाधान शिविर में अपनी शिकायत लेकर आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और समस्याओं के समाधान के लिए बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में राम नगर वार्ड नंबर 4 टोहाना निवासी अंजु बाला ने कैंसर से पीड़ित अपने पति के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि दिलवाने, दुईयां निवासी पारशाराम ने पीपीपी से इनकम करवाने व राशन कार्ड बनवाने, ढोबा निवासी मनसा राम ने संबंधित पटवारी के खिलाफ व गिरदावरी दुरूस्त करवाने, करनौली निवासी रमेश ने इलाहाबाद बैंक में ट्रांजेक्शन ना देने, आकावाली निवासी कैलाशो देवी ने पीपीपी से इनकम करवाने व राशन कार्ड बनवाने, वार्ड नंबर 14 भूना निवासी प्रकाश ने सीवर लाइन व पानी की पाइप लाइन बिछाने, मानावाली निवासी संदीप ने ट्यूबवेल कनेक्शन लगाने, अरोड़ा कॉलोनी निवासी रतिया रणधीर सिंह ने पीपीपी में आय कम करवाने आदि शिकायतें प्राप्त हुई।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते प्रशासनिक अधिकारी।

### ये शिकायतें हुई प्राप्त

मैनेजर अकाल अकेडमी सालमखेड़ा ने पेयजल की व्यवस्था करवाने, धांगड़ निवासी धर्मपाल ने बीडीपीओ ऑफिस में कार्यरत कर्मचारी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करने व दुव्यवहार करने पर कार्रवाई करने, पिलछिया निवासी अजायब सिंह ने पीपीपी में अपनी दोहती की आय हटवाने, बनावाली रमेश ने बार-बार नक्शा गलत बनाने, झलनिया निवासी एडवोकेट सुशील बिश्रोई ने गांव की ढाणियों में घरेलू लाइट चालू करवाने, हिजरावां कलां निवासी जोगिंद्रों बाई ने पीपीपी में इनकम कम करवाने व बीपीएल कार्ड बनवाने, भट्टू कलां निवासी संजय कुमार ने मनरेगा कार्य में मैट द्वारा फर्जी हाजरी लगाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# सीएसआई के माफी मांगने पर निपटा कर्मियों से विवाद

- सफाई छोड़ सुबह से धरने पर बैठे थे कर्मचारी, कचरा उठाने नहीं पहुंची गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

नगरपरिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक और कर्मचारियों के बीच शुरू हुआ विवाद सोमवार दोपहर को सीएसआई द्वारा कर्मचारियों से माफी मांग लेने पर खत्म हो गया। इससे पूर्व सोमवार सुबह कर्मचारियों ने सीएसआई के रवैये पर रोष जताते हुए कामकाज ठप्प कर नगरपरिषद कार्यालय में धरना शुरू कर दिया था। इस कारण सोमवार को शहर में सफाई का कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा और जगह-जगह कूड़े के ढेर देखे गए। सफाई कर्मचारी शहर में अपने-अपने निर्धारित एरिया में सफाई करने नहीं पहुंचे। न ही डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए कोई कर्मचारी कॉलोनियों में पहुंचा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि सीएसआई छुट्टी के दिन भी सफाई करने का दबाव बनाता है। साथ ही यूनियन नेताओं के साथ अभद्र भाषा बोलता है। नगरपालिका कर्मचारी संघ के सचिव ओमप्रकाश लोट ने बताया कि सीएसआई सतपाल ने शुक्रवार को 11 बजे के बाद कहा था कि डीएमसी आएंगे, कर्मचारियों को बुलाओ। उस समय कर्मचारी घर चले गए। फिर दोबारा बुलाया गया। फिर कहा कि डीएमसी दोपहर 3 बजे आएंगे। इसके बाद आंधी आ गई और डीएमसी नहीं आए। जब इस बात को लेकर सीएसआई सतपाल सैनी से चर्चा की गई तो उसने नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी रमेश तुषामड़ से अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि मैं तेरे को बोलना और काम करना सिखा दूंगा।

### कर्मियों ने कहा ऐसा व्यवहार नहीं होगा बर्दाश्त

कर्मचारियों ने कहा कि ऐसे व्यवहार को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएसआई को कर्मचारियों के बीच आकर माफी मांगनी पड़ेगी। ओमप्रकाश ने बताया कि कर्मचारियों की हफ्ते में सिर्फ एक दिन छुट्टी होती है। उस छुट्टी के दिन भी सीएसआई बाजारों में सफाई करने का दबाव बनाता है। कर्मचारी की पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियां भी होती है। अगर वह छुट्टी के दिन भी काम पर आएगा तो फिर अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां कब निभाएगा। इस व्यवहार से कर्मचारी मानसिक रूप से परेशानी झेल रहे हैं। कर्मचारियों के आंदोलन के बाद सीएसआई कर्मचारियों के बीच पहुंचे और अपने रवैये पर खेद जताते हुए माफी मांगी जिसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर दी।

# फतेहाबाद में दिनभर छाये रहे बादल, 21 को बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

मौसम विभाग द्वारा सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते अलसुबह बारिश की बौछारें आने की भविष्यवाणी के बाद फतेहाबाद के लोगों के हाथ निराशा लगी। सोमवार अलसुबह से ही फतेहाबाद में बादल छा गए। शाम तक लोग बारिश की इंतजार करते रहे लेकिन शाम को दो-चार बूंदे गिरने के बाद लोगों में मायूसी छा गई। मौसम विभाग ने पिछले दिनों 16 जून को बारिश की संभावना जताने के बाद 21 जून को प्री मानसून बारिश की उम्मीद जताई थी। इससे पूर्व बीती 13 जून को व उससे पिछले सप्ताह करीब-करीब प्रतिदिन आंधी आने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही थी। दरअसल हर रोज सुबह तेज धूप और शाम को आंधी के बाद तापमान में गिरावट लोगों को रास आ रही थी। एचएयू हिसार के मौसम विभाग ने 16 जून को बारिश की उम्मीद जताई थी। उधर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके कारण 19 जून तक मौसम इसी प्रकार बना रह सकता है। राज्य में 21 जून से प्री मानसूनी हवाओं के आने की संभावना से मौसम में फिर से बदलाव आने के आसार बन रहे हैं, जिससे वातावरण में नमी बढ़ने और तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

# बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों ने किया बिजलीघर पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶टोहाना

पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बिजली की समस्या विकराल रूप ले रही है। टोहाना के जमालपुर शेखा गांव में पिछले कई घंटों से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। बिजली कटों से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को गांव के बिजली घर पर पहुंचकर प्रदर्शन किया है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण सैनी ने बताया कि विभाग के अधिकारी समस्या की सुनवाई नहीं कर रहे हैं। बिजली न होने से घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, गर्मी में बच्चे परेशान हैं। जमालपुर से खनौरा तक बिजली सप्लाई की जाती है। गांव के सुरेश कुमार, कृष्ण सैनी, राजेश और गेजू ने बताया कि सुबह से विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शहरी क्षेत्र में भी स्थिति चिंताजनक है। कृष्णा कालोनी में एक ट्रांसफॉर्मर तीन महीने से खराब पड़ा है। इसकी मरम्मत न होने से पूरा लोड दो ट्रांसफॉर्मर पर आ गया है।

## केंद्रीय शिक्षामंत्री को प्रस्ताव भेजकर सिरसा को बताया आईआईटी के लिए उपयुक्त जिला

# जोर पकड़ने लगी सिरसा में आईआईटी की मांग

- विभिन्न राजनीतिज्ञ, सामाजिक, धार्मिक संस्थाएं कर रही प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

सिरसा जिला के विभिन्न राजनीतिज्ञों के साथ-साथ शहर की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सिरसा में आईआईटी स्थापना के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस कड़ी में जहां सामाजिक संस्थाओं के प्रति राजनीतिक तौर पर एकजुट होकर इस संस्थान को सिरसा में लाने के लिए एकजुटता की बातें करने लगे हैं वहीं अपने अपने स्तर पर प्रस्ताव भी पारित कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेज रहे हैं और सिरसा को ही इस संस्थान की स्थापना के लिए उपयुक्त व बेहतर विकल्प बता रहे हैं। वहीं सिरसा में प्रस्तावित आईआईटी के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर सिरसा में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रस्ताव भेजा है। निफा हरियाणा महासचिव दलबीर सिंह के नेतृत्व में, स्कूल केडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह), मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी, गार्गी फाउंडेशन सहित विभिन्न समाजसेवियों ने आईआईटी को सिरसा में स्थापित करने का समर्थन किया है। नेशनल यूथ अवार्डस से सम्मानित डॉ. बलदेव राज कंबोज, अनिल कुमार ढिढारिया, निफा जिला प्रधान राजेश स्वामी, समाजसेवी रंजीत सिंह टक्कर, शुभम भाट, तन्वी खुराक मानव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एक मत होकर प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि सिरसा जिला में आईआईटी की स्थापना होने से एक नई क्रांति का आगाज होगा शैक्षणिक रूप से अति पिछड़ा जिला होने के साथ-साथ यह तीन राज्यों की सीमा को भी लगता है।

### सिरसा जिला शिक्षा के क्षेत्र का हब कहलाएगा: बियानी

इसी कड़ी में सिरसा वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक आनंद बियानी ने कहा कि सिरसा में आई.आई.टी. की स्थापना के लिए सिरसा जिला के सभी विधायक, ग्राम पंचायतें व सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संस्थाओं को राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होने की जरूरत है। बियानी ने कहा कि आज सिरसा में 300 एकड़ से अधिक पंचायती भूमि प्रदेश के सभी गांवों से अधिक नजर आती है। उन्होंने सरकारी रिकॉर्डों को खंगालने के बाद बताया कि गांव कंवरपुरा में 331 एकड़, माधोसिंघाना में 324 एकड़, अहमदपुर में 400 एकड़, बणी में 414 एकड़, खारियां में 362 एकड़, धोतड़ में 316 एकड़, गिंदड़ा में 309 एकड़, नुहियांवाली में 374 एकड़, मिठीसुरेरां में 393 एकड़, मिठनपुरा में 342 एकड़, अली मोहम्मद में 317 एकड़, बकरियांवाली में 432 एकड़, चाहरवाला में 396 एकड़, दड़बा कलां में 631 एकड़, दूकड़ा में 316 एकड़, गीगोरानी में 336 एकड़ भूमि पड़ी है। बियानी ने कहा कि सिरसा में आई.आई.टी. बनने के पश्चात न केवल सिरसा की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी बल्कि इस संस्थान के बनने से सिरसा जिला शिक्षा के क्षेत्र का हब कहलाएगा।



विशेष : विश्व संगीत दिवस 21 जून

# संगीत जीवन में देता है शांति-सुकून

संगीत हमारे जीवन में कितना उपयोगी है, यह कम ही लोग समझते हैं। महिलाओं के जीवन में तो संगीत और भी ज्यादा महत्व रखता है। वे घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए तनाव से घिरी रहती हैं। ऐसे में सुमधुर संगीत सुनना, उन्हें एक सुकून देता है। संगीत हमारे भीतर हैप्पी हार्मोंस बढ़ाकर, हमारी हीलिंग करके अंत:शक्ति बढ़ाता है। तो संगीत से जुड़िए, स्वस्थ रहिए और अपनी जिंदगी को खुशियों से भरिए।



आवरण कथा

मीता पंडित, शास्त्रीय गायिका

संगीत केवल कला ही नहीं, जीवनशैली भी है। यह एक ऐसी जीवनधारा है, जो व्यक्ति को भीतर से संवारती है। यह जो भीतर से संवारना है, यह बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं के जीवन में। हम इस बात को समझें कि जब जीवन में संगीत प्रवेश करता है तो यह केवल स्वर या सुर-ताल का सौंदर्य नहीं होता, यह हमारे मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मबल यानी जीवन का मूलाधार है, उसे बैलेंस करता है। इससे जीवन में संतुलन का स्रोत बन जाता है। ऐसा बहुत-सी महिलाओं में होते हुए देखा जा सकता है।

**हीलिंग का माध्यम:** आज के दौर में जब महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों के चलते मानसिक तनाव, दबाव और शारीरिक असंतुलनों से त्रस्त हैं, प्रभावित हैं, ऐसे में संगीत उनके लिए हीलिंग का एक सशक्त माध्यम है। इस तरह संगीत जीवन में औषधि की तरह काम करता है। संगीत का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। यह बात विशेष रूप से महिलाओं के संदर्भ में इसलिए कही जा सकती है, क्योंकि महिलाओं को कई तरह की हार्मोनल समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। आज जिस प्रकार की महिलाओं की जीवनशैली है, उसमें इतनी सारी कृत्रिमताएं हैं, खान-पान में मिलावट है, लाइफस्टाइल बिगड़ा हुआ है। वे जॉब कर रही हैं और घर भी संभाल रही हैं। दोनों ही जिम्मेदारियों में खुद को श्रेष्ठ भी साबित करना चाहती हैं। यह दोहरी जिम्मेदारी महिलाओं को बहुत ज्यादा तनाव में डाल देती है। ऐसे में संगीत को यदि आप अपने जीवन में शामिल करती हैं तो यह आपको तनाव और चिंताओं से राहत देगा।

**पैदा होते हैं हैप्पी हार्मोंस:** गायन, वादन और रियाज के दौरान हमारे मस्तिष्क में कई हैप्पी हार्मोंस पैदा होते हैं। जैसा डॉक्टर्स भी बताते हैं कि हैप्पी हार्मोंस (जैसे- डोपामाइन, सेरोटोनिन, एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन) चिंता, तनाव, अवसाद को कम करने के साथ खुशी, संतुष्टि और सकारात्मक सोच को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह बड़ी महत्वपूर्ण बात है। इसके अलावा संगीत मन को हल्का महसूस कराता है। इस पर कई शोध हो चुके हैं कि संगीत का अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है। यह मन को स्थिर करता है। यह संगीत की अद्भुत क्षमता है। इसलिए चाहे घरेलू-कामकाजी महिलाएं हों या फिर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियां, संगीत सभी के लिए बहुत लाभकारी है।



**बढ़ता है आत्मिक संतुलन:** संगीत, भावनात्मक संतुलन बनाता है, साथ ही एक्सप्रेशन का माध्यम भी है। सुरों के माध्यम से जब महिलाएं अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति देती हैं, उससे उनका आत्मिक संतुलन बढ़ता है। संगीत का शरीर पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। संगीत के नियमित अभ्यास से श्वसन प्रणाली बेहतर काम करती है। जब आप लंबी सांस लेते हैं, नियंत्रित श्वास लेते हैं या पेट की गहराई से सांस लेते हैं (ये सभी गायकों/संगीतकारों द्वारा की जाने वाली एक्सरसाइज हैं) तो इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, इससे शरीर में ऑक्सीजन का बेहतर संचार होता है।



**नींद में सुधार:** आज बहुत सारे लोग अनिद्रा के शिकार हैं। इस समस्या में भी संगीत लाभकारी है, क्योंकि इससे नींद में भी सुधार होता है। मेरा खुद का अनुभव है, जब मैं रात को लाइट बंद कर रियाज करती हूं, इसके बाद सोती हूं तो मुझे बहुत अच्छी नींद आती है। नींद की गुणवत्ता (जिसे कहते हैं साउंड स्लीप) भी बहुत बढ़ जाती है। संगीत से अनिद्रा, बेचैनी, मानसिक थकान जैसी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं। यह शरीर में होने वाले दर्द में भी राहत देता है।

**टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास:** जब आप मंच पर गायन/संगीत प्रस्तुत करती हैं तो यह आपको आत्माभिव्यक्ति के साथ ही सार्वजनिक पहचान भी देता है। सार्वजनिक पहचान से आत्मविश्वास बढ़ता है, क्योंकि आप वाद्ययंत्रों के साथ संगीत प्रस्तुत करती हैं, इसलिए इससे टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास होता है। सबको साथ लेकर चलने की क्षमता बढ़ती है। संगीत कलात्मक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है।

**जरूरी नहीं संगीत की विधिवत शिक्षा लें:** संगीत से जुड़ने के लिए जरूरी नहीं कि आप विधिवत संगीत की शिक्षा ही लें। आप यह लाभ संगीत सुनकर भी ले सकती हैं। संगीत सुनकर आनंद महसूस कर सकती हैं। काम करते-करते साथ में गाने भी गा सकती हैं। अगर आप रोज कुछ समय अपने पसंदीदा गाने और संगीत या कोई वाद्ययंत्र सुनेंगी तो यह बहुत फायदा देगा। आप कुछ भी सुनें, शास्त्रीय संगीत, भजन, सूफी गाने, लोरी, लोकसंगीत, उससे मन को बहुत शांति मिलती है, क्योंकि संगीत मन को छू जाता है।

**कभी भी सुन सकती हैं संगीत:** संगीत सुनने के लिए आपको अलग से समय निकालने की जरूरत भी नहीं होती। आप कोई भी घरेलू काम चाहे साफ-सफाई हो, खाना बनाना या कपड़े धोना, कुछ भी करते हुए संगीत सुन सकती हैं। आप रेडियो पर गाने सुनते-सुनते काम कर सकती हैं। इससे काम की थकान महसूस नहीं होगी। जब आप योग और ध्यान लगाती हैं, उस समय भी मंत्र और श्लोक वाले आध्यात्मिक संगीत का लाभ ले सकती हैं। साथ में उच्चारण कर सकती हैं। छोटे बच्चों को सुलाते समय कोई लोरी सुना सकती हैं, बच्चे जल्दी सो जाएंगे। यू-ट्यूब, रेडियो के साथ ही अब कई म्यूजिक एप्स भी आ गए हैं, जहां अच्छा संगीत सुना जा सकता है।

**जीवन में संगीत को जरूर शामिल करें:** अगर आप अच्छा नहीं गा पातीं तो कोई फर्क नहीं पड़ता, बस आप गाने के साथ गुनगुनाइए। साथ ही हमारे जो लोकपर्व और सामाजिक-पारिवारिक आयोजन होते हैं, उसमें लोकगीत गाएं। आपको बहुत अच्छा महसूस होगा। विवाह संगीत में शामिल हों। तीज, करवाचौथ, जागरण, माता की चौकी या ऐसे ही जो समय-समय पर पर्व आते हैं, उसके गीत-संगीत कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें। यह मन को शांति देता है। संगीत का लाभ सुनकर भी लिया जा सकता है। जीवन में संगीत को किसी न किसी रूप में शामिल जरूर करें। इससे जीवन में परिवर्तन, शांति और सुकून आप खुद महसूस करेंगी।

प्रस्तुति: रेणु खंतवाल



हर किसी का मुस्कुराता हुआ चेहरा बहुत प्यारा लगता है। इससे सिर्फ हमें ही नहीं हमारे संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति को बहुत अच्छा महसूस होता है। मुस्कुराने के और फायदों के बारे में जानकर आप मुस्कुराए बिना नहीं रह पाएंगी।

# मुस्कुराइए जिंदगी हो जाएगी खुशनुमा

लाइफस्टाइल

शिखर चंद जैन

दुनिया भर के विद्वानों, मनोवैज्ञानिकों, डॉक्टरों और महापुरुषों ने मुस्कुराहट की महिमा का बखान किया है। हर रोज सुबह उठकर आईने में देखते हुए मुस्कुराने की आदत डालें, आपका दिन खुशगवार गुजरेगा। यही नहीं अनेक शोध भी मुस्कुराने के तमाम फायदों को प्रमाणित करते हैं।

**स्ट्रेस होता है कम:** कई शोधों में प्रमाणित हो चुका है कि मुस्कुराने से स्ट्रेस कम होता है, उम्र कम दिखती है, बीमारियों की आशंका कम होती है और उम्र बढ़ती है। बड़ी-बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां, स्कूल और अन्य संस्थान इन दिनों अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और छात्रों को मुस्कुराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हाल ही में चीन में एक फेमस फूडचेन ने अपने ग्राहकों को एक बार की खरीदारी के भुगतान के रूप में सिर्फ मुस्कुराने को कहा। कुछ समय पहले 'यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास' के अनुसंधानकर्ताओं ने अपनी एक स्टडी में पाया कि मुस्कुराने से हमारा शरीर किसी भी स्ट्रेस के प्रति कम प्रतिक्रिया देता है और स्ट्रेसफुल टाइम में हार्ट रेट सही रखता है।



**पॉजिटिव इफेक्ट:** एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि मुस्कुराने से बीपी सही रहता है, आयु लंबी होती है। 'दी एस्टोनिशिंग पावर्स ऑफ अ सिंपल एक्ट' की लेखिका रौन गटमैन कहती हैं, 'एक सच्ची मुस्कान आपके ब्रेन में ठीक वैसा ही स्टिमुलेशन उत्पन्न कर सकती है, जैसा 2000 चॉकलेट खाने पर होता है।' स्माइल कोच फ्रैंक मेलिंडर का कहना है, 'स्माइल एक्सरसाइज आपके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है और आपको पूरी तरह एक पॉजिटिव पर्सनालिटी में ट्रांसफर कर सकती है। आपको कई हफ्तों तक इसकी प्रैक्टिस करनी चाहिए ताकि आगे चलकर यह आपके अवचेतन मन में बैठ जाए और आपकी पर्सनालिटी का हिस्सा बन जाए।'

**बढ़े कॉन्फिडेंस-मिले सक्सेस:** 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में विशेषज्ञों और मनोविज्ञानियों ने एक लेख लिखा है, 'इफेक्ट्स ऑफ सेल्फ जेनरेटेड फेशियल एक्सप्रेशंस।' इसमें कहा गया है कि जो लोग दिन में कई बार आदतन मुस्कुराते हैं, उनकी छवि एक सफल और आत्मविश्वासी इंसान की बन जाती है। मुस्कुराने वाले लोगों का प्रमोशन होने की संभावनाएं, उदास या गंभीर दिखने वाले लोगों से ज्यादा होती है।

**मिलती है खुशी:** एक शोध से यह भी पता चला है कि मुस्कुराने से खुशी मिलती है, ना कि खुश रहने वाले ज्यादा मुस्कुराते हैं। सच तो यह है कि अगर आप झूठ-मूठ भी मुस्कुरा दें तो आपका मूड अच्छा हो सकता है। इसलिए आप खुद मुस्कुराइए और दूसरों को भी मुस्कुराने को प्रेरित कीजिए।




स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# जब स्किन हो जाए टैन अपनाएं ये होम रेमिडीज

गर्मी के मौसम में सन टैनिंग की वजह से स्किन डल हो जाती है और फेस का अट्रैक्शन कम होने लगता है। टैनिंग दूर करने के लिए आप महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज करती हैं, लेकिन कई बार केमिकल बेस्ड होने की वजह से ये स्किन के अनुकूल नहीं होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो सन टैनिंग से बचाने के साथ ही आपकी स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनाएंगे।

**नीबू का फेस पैक:** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें। बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पोषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चम्मच नीबू के रस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।



**पपाया फेस पैक:** पपीते का फेस पैक टैनिंग दूर करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए पके पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें। इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर अपने आप सूखने दें। इसके बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इन दिनों उमस भरी गर्मी के मौसम में आप रोजाना लगा सकती हैं।



**खीरे का फेस पैक:** टैनिंग दूर करने और कूल इफेक्ट देने में खीरा बहुत प्रभावी है। खीरे का कट-अप स्लाइस आंखों पर रखने से आपको आराम मिलेगा। इसका फेस पैक आपकी स्किन को हाइड्रेट करता है। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी निखारता है, क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। इस बनाने के लिए खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नीबू का रस और एक रुई चाहिए। इस फेस पैक को बनाने के लिए पहले खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा-सा नीबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें।


योगोपचार

हेतल शाह, योग एक्सपर्ट

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में अकड़न, शारीरिक दर्द, वीक बोंस समेत कई हेल्थ प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि आप कुछ आसनों का नियमित अभ्यास करें।

# मिड एज में हेल्थ प्रॉब्लम्स बचाव में कारगर योगासन

मिड एज और उसके बाद शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासन बहुत लाभकारी होता है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आते हैं, जिसके कारण उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर हम आपको कुछ आसनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से इन रोगों से बच सकती हैं।



## भुजंगासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटाकर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकेंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर वापस नीचे लाएं।

**लाभ:** भुजंगासन पीठ और रीढ़ को मजबूत करने, अकड़न को कम करने और शारीरिक मुद्रा में सुधार करने में मदद करता है। यह पेट के अंगों को भी उत्तेजित करता है और पीरियड्स की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।

## पवनमुक्तासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधे लेट जाएं और धीरे से सांस छोड़ते हुए पैरों को मोड़ते हुए अपने पेट के पास लाएं। पेट पर दबाव बनाएं कुछ इस तरह कि आप अपने आपको गले लगा रही हैं। ऐसा करते समय सामान्य गति से सांस लेती रहें और धीरे-धीरे आसन से बाहर आते हुए समान्य अवस्था में आ जाएं।



**लाभ:** बढ़ती उम्र में पाचन संबंधी समस्याओं में पवनमुक्तासन करना फायदेमंद है।

## त्रिकोणासन



**विधि:** इस योग को करने के लिए मैट पर सीधा खड़े होकर अपने दोनों पैरों को जितना हो सके दूरी पर रखें। फिर दोनों हाथों को कंधों की सीध में रखकर एक हाथ की अंगुलियों से उसी तरफ के पैर के अंगूठे को छूने का प्रयास करें। इस मुद्रा में दो-तीन मिनट रखने के बार पुनः पहली वाली अवस्था में धीरे-धीरे आ जाएं। इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी इसी तरह दोहराएं।

**लाभ:** इससे शारीरिक अकड़न दूर होती है।

प्रस्तुति: विधि गोयल

## ताड़ासन



**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधी खड़ी हो जाएं और पैरों को एक साथ रखें। अब हथेलियों को शरीर के पास रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों और शरीर को ऊपर की तरफ खीचें। इस स्थिति में 30-40 सेकेंड तक रुकें फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। महिलाएं इस आसन को 3 मिनट तक कर सकती हैं।

**लाभ:** ताड़ासन करने से शरीर की मांसपेशियां स्ट्रेच होती हैं, रीढ़ का भी संतुलन बना रहता है। शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है।

कुछ लोगों की आदत होती है, वे जो होते नहीं हैं उससे ज्यादा अपने आपको पेश करते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि कभी ना कभी तो उनकी वास्तविकता सामने आएगी ही। तब वह अपनी विश्वसनीयता खो देंगे।

# झूठी शेखी दिखाने की आदत बिगाड़ती है आपकी छवि

बिहेवियर

अनीता जैन



हम सब अकसर ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो अपने बारे में बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं, खुद को अधिक योग्य या सफल दिखाने की कोशिश करते हैं। इसे ही आम बोल-चाल में 'झूठी शेखी बघारना' कहते हैं। हालांकि ऐसा करके कुछ लोग अपना आत्मविश्वास प्रदर्शित करते हैं, लेकिन व्यावहारिक नजरिए से देखें तो यह आदत आगे चलकर हानिकारक साबित होती है। यह आदत न केवल हमारे रिश्तों को खराब करती है, हमारी छवि भी बिगाड़ती है। इतना ही नहीं यह आदत हमारे आत्मविकास और मानसिक शांति को भी प्रभावित करती है। हमें इस सच को मानना चाहिए कि सच्चाई, ईमानदारी और विनम्रता ही ऐसे गुण हैं, जो किसी व्यक्ति को दीर्घकालीन सफलता और सम्मान दिलाते हैं। झूठी शेखी दिखाने की बुरी आदत से और भी कई नुकसान हैं-



**टूटता है भरोसा:** झूठी शेखी बघारने से सामने वाले व्यक्ति का भरोसा जल्दी टूट जाता है। एक बार जब लोगों को यह आभास हो जाता है कि आप सच नहीं बोलती हैं तो वे आपसे दूरी बनाने लगते हैं। व्यावसायिक जीवन में यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**अवसर गंवाने की संभावना:** कई बार लोग झूठी शेखी में यह जताते हैं कि उन्हें किसी चीज की आवश्यकता नहीं है या वे पहले से ही बहुत जानकार हैं। ऐसे में वे नई बातें सीखने के अवसर गंवा देते हैं या मदद मिलने से वंचित रह सकते हैं।

**तनाव और आत्मग्लानि:** झूठी शेखी को बनाए रखने के लिए लगातार झूठ बोलना पड़ता है, एक झूठ को ढंकने के लिए दूसरा-तीसरा झूठ बोलना पड़ता है। यह मानसिक तनाव का कारण बनता है। कभी ना कभी जब सच्चाई सामने आती ही है, इससे व्यक्ति को शर्मिंदगी और आत्मग्लानि होती है।

**आत्मविकास में रुकावट:** अगर कोई व्यक्ति लगातार अपनी झूठी तारीफ करता है, वह अपनी कमियों को पहचान ही नहीं पाता। जब तक आप अपनी कमजोरियों को जानते, स्वीकारते नहीं हैं, तब तक आप अपने आप में सुधार नहीं कर सकते हैं। झूठी शेखी व्यक्ति के आत्मविकास में भी रुकावट बनती है।

### बिगड़ते हैं रिश्ते

**जब कोई** व्यक्ति बार-बार खुद की झूठी तारीफ करता है या असत्य बातों से खुद को श्रेष्ठ दिखाने की कोशिश करता है, तो वह दूसरों को नीचा भी दिखा सकता है। इससे मित्रता, पारिवारिक और पेशेवर रिश्ते बिगड़ते हैं। लोग धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति से दूर हो जाते हैं, जो हर समय खुद की बढ़ाई करता है।

## खबर संक्षेप

### उपायुक्त आज करेंगी सहायक उपकरण वितरित

**फतेहाबाद।** जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से एल्मिको मोहाली के सहयोग से 17 जून को सुबह 9 बजे स्थानीय पटवार भवन में जिला के चिन्हित दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष मनदीप कौर जिला के चिन्हित दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित करेंगी।

### पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को किया काबू

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशों एवं पीओ स्टाफ प्रभारी निरीक्षक कुलबीर सिंह के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत 2021 के एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामले में न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किए गए आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोलू पुत्र सुभाष निवासी फतेहाबाद को पीओ स्टाफ की टीम ने आज गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी को न्यायालय के आदेशों की अनुपालना न करने के चलते उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

### एसपी ने 9 पुलिस जवानों को किया सम्मानित

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक जनरल परेड़ की सलामी लेने उपरांत 9 पुलिस जवानों को प्रशस्ति पत्र व नकद ईनाम देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले पुलिस जवानों ने अपराध पर कारगर ढंग से अंकुश लगाकर अदम्य साहस का परिचय दिया है।

### चार लाख के जेवर चोरी मामला दर्ज

**सिरसा।** रोड़ी पुलिस ने वार्ड नंबर-6 रोड़ी निवासी केवल सिंह पुत्र जंगीर सिंह की शिकायत पर वार्ड नंबर 9 निवासी राजवीर कौर पत्नी राजेंद्र सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। केवल सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि वह तीन-चार दिनों के लिए बाहर गया हुआ था। उसकी पत्नी ने हेयर डाई करवाने के लिए 7 जून को राजवीर कौर को बुलाया। राजवीर कौर ने बालों को डाई किया, जिससे उसकी पत्नी को घबराहट होने लगी। जिस पर उसने तुरंत अपना सिर पानी से धो लिया। राजवीर कौर ने अपनी स्कूटी पर उसकी पत्नी को बैठाया और उपचार के लिए बस स्टेंड रोड़ी स्थित डा. चंद्रभान के पास लेकर पहुंची।

### आज मनाया जाएगा संत शिरोमणि कबीर साहेब का प्रकट दिवस

**फतेहाबाद।** श्री संत कबीर युवा मंच, फतेहाबाद द्वारा संत शिरोमणि कबीर साहेब के 628वें प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 17 जून को प्रातः 8 बजे से पुरानी अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में धार्मिक प्रवचनों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भंडारे तथा समाज जागरूकता के संदेशों के माध्यम से संत कबीर साहेब के जीवन, विचारों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

### आईटीआई भोडिया खेड़ा में रोजगार मेला कल

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय व राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा द्वारा संयुक्त रूप से 18 जून को राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा के परिसर में बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलवाने हेतू रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में भाग लेकर बेरोजगार प्रार्थी निजी क्षेत्र में रोजगार हेतू साक्षात्कार दे सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा अप्रेंटिस, वेल्डर, फिटर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ट्रेनी सभी आईटीआई ट्रेड, वेलनेस एडवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, पैकेजिंग हेल्पर तथा बीमा सलाहकार आदि पदों हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे।

---

### ग्रीष्म अवकाश के बाद शिक्षकों की नहीं रहेगी कमी : डीईओ

# लंबित मांगों को लेकर डीईओ से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

- प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न आवश्यक मांगे पिछले काफी समय से लंबित : गोदारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीईओ को ज्ञापन सौंपते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

प्राथमिक शिक्षकों एवं प्राथमिक स्कूलों की विभिन्न लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला फतेहाबाद इकाई का शिष्टमंडल जिला प्रधान विकास टुटेजा व स्टेट चेयरमैन देवेन्द्र दहिया की अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई से मिला।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को विस्तार से डीईओ के सामने रखा और इनके जल्द समाधान की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रधान विकास टुटेजा के साथ प्रदेश संरक्षक एवं चेयरमैन देवेंद्र दहिया, जिला संरक्षक नरेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष पवन चमार खेड़ा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान भजनलाल कंबोज, जिला उप प्रधान राकेश मदान, खण्ड फतेहाबाद संगठन सचिव दिनेश मेहता एवं खण्ड जाखल सचिव हरजीत बीका शामिल रहे।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के डिप्टी सुपरीडेंट विक्रम गोदारा को बताया कि प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न आवश्यक मांगे पिछले काफी समय से लंबित हैं।

जेबीटी से मुख्य शिक्षक के पद पर पदोन्नति वर्ष 2019 के बाद से नहीं हुई है, मुख्य शिक्षक के पद पर जो शिक्षक वरिष्ठता अनुसार योग्यता रखते हैं उन्हें पदोन्नति किया जाए। जिला के बहुत से स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, उसे पूरा किया जाए। वर्ष 2017 बैच में नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को नोशन पे का बेनिफिट दिया जाए। चिकित्सा प्रतिपूर्ति मामले व एसीपी मामलों का निपटारा अति शीघ्र किया जाए। 2017 बैच के प्राथमिक शिक्षक अभी तक कन्फर्म नहीं किए गए हैं जबकि राज्य के बहुत से जिलों में इन्हें कंफर्म किया जा चुका है, जिला फतेहाबाद में भी 2017 में नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को भी कंफर्म किया जाए। प्राथमिक विद्यालयों को सफाई एवं विद्यालय के रखरखाव के लिए मिलने वाली 8 हजार रुपए प्रति माह की राशि को अविलंब जारी किया जाए तथा कंटीनजेंसी की राशि सीधे प्राथमिक स्कूल मुखिया के खाते में डाली जाए।

#### मामले को लेकर निदेशालय को लिखा पत्र


*जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शिक्षकों की इन मांगों को अविलंब पूरा करने का आश्वासन दिया और विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के बाबत बताया कि इस बारे निदेशालय को लिखा जा चुका है और वहां से मंजूरी आते ही अवकाश के दौरान ही रेशनेलाइजेशन की प्रक्रिया को पूरा करके सभी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों की व्यवस्था कर दी जाएगी और ग्रीष्म अवकाश के बाद किसी विद्यालय में शिक्षकों की कमी नहीं रहेगी।*

---

# बीएड प्रथम वर्ष का अंतिम पेपर हुआ, पाक के साथ तनाव के बीच हुआ था स्थगित

- कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 920 छात्रों के लिए व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना



**टोहाना।** आईजी कॉलेज में परीक्षा देते हुए छात्र-छात्राएं।

शहर के भुना रोड स्थित इंदिरा गांधी कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष का अंतिम पेपर सोमवार को आयोजित किया गया। चाइल्डहुड ग्रोइंग अप विषय की यह परीक्षा सबसे परीक्षा के तौर पर पहले 10 मई को होनी थी। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी ने परीक्षा की नई तिथि 5 जून तय की, फिर इसे 10 जून को घोषित किया गया। अंततः 16 जून को परीक्षा का आयोजन हुआ। भुना रोड स्थित कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 920 छात्रों के लिए व्यवस्था की गई। एडिशनल सुपरिटेंडेंट चीफ राजेश कुमार सत्यवान डांगरा ने परीक्षा कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी व्यवस्थाओं की जांच की। राजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर धारा 144 का पालन किया जा रहा है तथा पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। कॉलेज परिसर में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश को वर्जित किया गया है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। इस परीक्षा को लेकर कॉलेज के स्टाफ के अलावा निजी कॉलेज से स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है।

### रतिया पहुंचेगे जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा

**रतिया।** हर साल की तरह इस साल भी श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश उत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। इसी संबंध में आज गुरुद्वारा पुराना बाजार रतिया में श्री अखंड पाठ आरंभ किया गया जिसका भोग 18 जून को डाला जाएगा। श्री गुरु हरगोविंद साहिब सेवा ट्रस्ट गतका अखाड़ा के प्रधान फतेह सिंह भुल्लर ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा ट्रस्ट के सदस्यों व क्षेत्र की समूह संगत द्वारा 18 जून को प्रकाश पर्व व गुरमत समागम किया जाएगा। इस महान गुरमत समागम में रागी ढाडी व कथा वाचक सिक्ख संगत को गुरु इतिहास के साथ जोडने का प्रयास करेंगे। जरनैल सिंह खालसा ने बताया कि इस समागम में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नए प्रधान जगदीश सिंह झींडा विशेष तौर पर शिरकत करेंगे।

## खबर संक्षेप्त

### इनाम के बहाने जाल बिछा रहे साइबर ठग पुलिस की चेतावनी : हर लिंक पर भरोसा न करें



एसपी सिद्धांत जैन

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधों में हो रही लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस ने आमजन के लिए साइबर सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में विशेष रूप से अनजान लिंक, ईमेल, मैसेज और सोशल मीडिया पोस्ट्स पर क्लिक न करने की सख्त चेतावनी दी गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि हाल के दिनों में कई मामलों में यह सामने आया है कि साइबर ठग नकली बैंक, सरकारी योजनाओं, लक्की ड्रा, कस्टम डिपार्टमेंट या फर्जी ऑफर्स के नाम पर लोगों को लिंक भेजते हैं और उन पर क्लिक करवाकर निजी जानकारी, बैंक विवरण, ओटीपी और पासवर्ड चुरा लेते हैं।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज की प्रो. श्रुति मोंगा को सम्मानित करते दा इंस्पायर इंडिया एनजीओ के पदाधिकारी।

### एमएम कॉलेज की प्रो. श्रुति मोंगा को 9 बार रक्तदान करने पर दा इंस्पायर इंडिया ने किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ मनोहर मैमोरियल कॉलेज सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी है। एक तरफ जहां कॉलेज के विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं कॉलेज के स्टाफ सदस्य स्वयं भी रक्तदान कर विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल बन रहे हैं। एमएम कॉलेज की जीव विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रुति मोंगा को दा इंस्पायर इंडिया संस्था, हिसार द्वारा नौ बार रक्तदान करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। हिसार में आयोजित एक कार्यक्रम में दा इंस्पायर इंडिया, एनजीओ द्वारा श्रुति मोंगा को यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी फतेहाबाद के पूर्व सचिव सुरेन्द्र श्योराण भी मौजूद थे। श्रुति मोंगा ने आपातकालीन स्थिति में बहुत लोगों को रक्तउपलब्ध करवाया है और स्वयं भी रक्तदान कर युवाओं के लिए एक उदाहरण पेश किया है।

### इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत किया नवप्रवर्तनों को आमंत्रित

**सिरसा।** युवा सोच को नई उड़ान देने के मकसद से विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत 15 जून 2025 से देश व प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में कक्षा 6 से 12 में पढने वाले मेधावी विद्यार्थियों के नवप्रवर्तनों को आमंत्रित किया जा रहा है। इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया पहल के साथ जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य मेधावी छात्रों के अंदर छोटी आयु में ही विज्ञान की पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करना व वैज्ञानिक अनुसंधान को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित व आकर्षित करना है। कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 12वीं के मेधावी विद्यार्थी जिनके आईडिया चयनित होते हैं, उनको दस हजार रुपए की अवार्ड राशि प्रदान की जाती है।

### शुभम गर्ग ने नीट परीक्षा में मारी बाजी 8660 रैंक लेकर किया नाम रोशन



शुभम गर्ग

**रतिया।** रतिया के छात्र शुभम गर्ग ने नीट परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में 8660 रैंक लेकर अपने माता पिता व शहर का नाम रोशन किया। शुभम गर्ग की इस उपलब्धि पर उनके पिता सोमनाथ गर्ग को बधाई देने वालों का तांता लग गया। शुभम की उपलब्धि पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। पंजाबा मल सती माता मंदिर के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सोमनाथ गर्ग ने बताया कि शुभम ने इस परीक्षा की तैयारी आकाश इंस्टीट्यूट हिसार से की। यह परीक्षा परिणाम शुभम की कड़ी मेहनत और लगन का ही परिणाम है। उसने दिन-रात इस परीक्षा के लिए तैयारी की उच्चस्तर की रैंकिंग प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शुभम की इस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है।

### बैंक कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**फतेहाबाद।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक, मेन ब्रांच फतेहाबाद द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से अनाज मण्डी स्थित बैंक ब्रांच में आयोजित इस शिविर में बैंक कर्मचारियों ने रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। शिविर का शुभारंभ बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक तरूण मिढ़ा ने किया वहीं जिला रेडक्रास सोसायटी से सुनील भाटिया के नेतृत्व में टीम ने अपनी सेवाएं दी। मुख्य शाखा प्रबंधक तरूण मिढ़ा ने रक्तदान कर रहे बैंक कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान का जीवन में काफी महत्वपूर्ण स्थान है।

---



**टोहाना।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गांव पिरथला के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### नहर में डूबी मनरेगा मजदूर के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग

**टोहाना।** गांव पिरथला में काम के दौरान नहर में डूबकर महिला मनरेगा मजदूर की मौत होने के मामले में ग्रामीण आज एसडीएम से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपकर मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। एसडीएम से मिलने पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि गांव की महिला रिन्कू 7 जून को मनरेगा के तहत नहर किनारे काम कर रही थी। इसी दौरान नहर के पास काम करते हुए उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरी। इस हादसे में महिला मजदूर की मौत हो गई थी। मृतका के पति सुरजीत ने एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौपते हुए कहा कि उसके दो बच्चे हैं। परिवार की आजीविका मनरेगा से होने वाली आय पर ही निर्भर थी। रिन्कू अपने परिवार की मुख्य कमाने वाली सदस्य थी।

# युवा पीढ़ी को नशे से दूर कर समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयास रहेंगे जारी : भवानी

- 'एक संकल्प नशे के खिलाफ' अभियान के तहत अलीपुर बरोटा में कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव अलीपुर बरोटा में कमेटी का ऐलान करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह।

जिले के गांवों में युवाओं को एकजुट कर उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक करने और समाज को नशामुक्त करने के अभियान के तहत महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में कमेटियों का गठन किया जा रहा है। ट्रस्ट का प्रयास है कि जिले के प्रत्येक गांव में युवाओं की कमेटियां गठित कर अधिक से अधिक युवाओं को इस मुहिम से जोड़ा जाए ताकि युवा वर्ग जागरूक होकर नशा से दूर हो सके। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में ट्रस्ट द्वारा जिले में 'एक संकल्प नशे के खिलाफ' अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा गांवों में जहां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं वहीं युवाओं की कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव अलीपुर बरोटा में 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में शामिल युवा नशे के विरूद्ध एक यौद्धा के रूप में कार्य करेंगे।

# जेल में हेल्प डेस्क लगाकर कैदियों व विचाराधीन बंधियों को दी कानूनी सेवाओं की जानकारी

- शिविर का संचालन एलएडीसी ईश्वर दास व असिस्टेंट एलएडीसी अंकुश बंसल ने किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल 2, हिसार में दीवारों के भीतर न्याय- कानूनी अधिकारों के साथ कैदियों को सशक्त बनाना अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि जागरूकता शिविर का संचालन एलएडीसी ईश्वर दास व असिस्टेंट एलएडीसी अंकुश बंसल ने किया। जागरूकता शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कैदियों को भेदभाव का सामना न करना पड़े और उन्हें किसी भी तरह की हिस्सा या शोषण का सामना न करना पड़े। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हिरासत में सभी कैदियों व विचाराधीन बंदियों को निशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करता है। डिप्टी एलएडीसी ईश्वर दास ने महिला कैदियों के अधिकारों बारे अवगत करवाते हुए कहा कि एक गर्भवती महिला को जेल भेजने से पहले अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जेल में महिला कैदी के प्रसव के साथ-साथ मां और बच्चे की प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए बुनियादी न्यूनतम सुविधा उपलब्ध हो। महिला कैदियों के बच्चों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। बच्चों के मनोरंजन की सुविधाओं के लिए जेलों में केवल खेल के मैदान उपलब्ध हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार जेल में बंद महिला कैदियों के बच्चों को अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता होती है। कई मामलों में वे उपेक्षा का परिणाम भुगतते हैं। डिप्टी एलएडीसी ईश्वर दास व असिस्टेंट एलएडीसी अंकुश द्वारा केंद्रीय जेल 2, हिसार में कैदियों के लिए हेल्प डेस्क लगाया। उन्होंने कैदियों को उनको निशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान की तथा उनकी समस्याएं सुनी।

### बाइक लूटने की झूठी शिकायत करनी पड़ी महंगी, युवक को किया गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में मोटरसाइकिल छीनने की झूठी शिकायत करने का आरोपी युवक। *फोटो : हरिभूमि*

**फतेहाबाद।** अपराध व झूठी शिकायत करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए भट्टू पुलिस ने मोटरसाइकिल छीनने की एक फर्जी वारदात का पर्दाफाश कर दिया है। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता ने ही यह झूठी स्नैचिंग की कहानी रची थी, जो असल में आपसी पैसों के लेन-देन से जुड़ा मामला था। सोमवार को इस बारे जानकारी देते हुए भट्टू थाना प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि शिकायतकर्ता राजीव उर्फ राजू पुत्र डोडी राम निवासी काबरेल, जिला हिसार ने 15 जून रविवार को दोपहर लगभग 3:40 बजे डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी कि तीन युवकों जिनमें से एक का नाम विनोद कुमार है, ने रेलवे मंडी, भट्टू मंडी फाटक के पास से उसकी मोटरसाइकिल छीन ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप निरीक्षक बीरबल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जांच शुरू की।

---

**अभ्यास** फिटनेस को लेकर एसपी ने करवाई पुलिस कर्मियों की परेड

# फिटनेस और अनुशासन हमारी ताकत : पुलिस अधीक्षक

- मॉक ड्रिल केवल अभ्यास नहीं, बल्कि अपराधियों के लिए एक चेतावनी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मॉक ड्रिल में भाग लेते पुलिस कर्मचारी।

पुलिस लाइन में जनरल परेड और मॉक ड्रिल के जरिए पुलिस बल ने अपने अनुशासन, फिटनेस और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन कर यह साफ कर दिया कि जो भी कानून तोड़ेगा, उसके खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई तय है। इस सघन अभ्यास का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किया, जिन्होंने परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल की तैयारी, सजगता और एकजुटता की गहराई से जांच की। परेड के दौरान एसपी ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि कानून तोड़ने वालों को यह समझ लेना चाहिए कि पुलिस अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देती, हम पहले से तैयार रहते हैं। फिटनेस, अनुशासन और समर्पण ही हमारी ताकत है।

ड्रिल के दौरान विशेष बलों ने भीड़ नियंत्रण, आंसू गैस के प्रयोग, सुरक्षा ढाल और समन्वित कार्रवाई का सफल अभ्यास कर यह जता दिया कि कानून व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश को पलभर में कुचला जा सकता है। प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदु में उग्र भीड़ और दंगे जैसी स्थितियों से निपटने की योजना, आधुनिक उपकरणों और तकनीकों का इस्तेमाल, सटीक, संयमित और संवैधानिक कार्रवाई, जवानों की निर्णय क्षमता और टीमवर्क का परीक्षण रहा। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि यह मॉक ड्रिल केवल अभ्यास नहीं, बल्कि अपराधियों के लिए एक चेतावनी है कि यदि किसी ने फतेहाबाद की शांति और सुरक्षा से खिलवाड़ करने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। हम सिर्फ हथियारों से नहीं, रणनीति, सजगता और इच्छाशक्ति से अपराध का जवाब देंगे। यह आयोजन फतेहाबाद पुलिस की कार्यकुशलता, प्रतिबद्धता और जवाबदेही का प्रतीक है। आज की जनरल परेड और मॉक ड्रिल यह सुनिश्चित करती है कि अपराध चाहे कोई भी हो, अपराधी कहीं भी हो, अब बचना नामुमकिन है।



**फतेहाबाद।** शानदार प्रदर्शन करने वाले पॉयनियर स्कूल के विद्यार्थी।

### पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल के सत्यम ने 583 अंक लेकर नीट में किया टॉप

**फतेहाबाद।** नीट 2025 के परीक्षा परिणाम में पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये। स्कूल के छात्र सत्यम बिश्नोई ने नीट 2025 में 583 अंक लेकर ऑल इंडिया रैंक 3086, प्रिंस जांगड़ा ने 536 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 19461 एवं कैटिगरी रैंक 8393 और अस्मित यादव ने 530 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 23902 एवं कैटिगरी रैंक 10896 हासिल किया। इसी के साथ ही प्रांजल ग्रोवर ने 509 अंक तथा गुनीशा ने 488 अंक प्राप्त किये। इन विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों, अध्यापकों एवं स्कूल का नाम रोशन किया। इस सफलता पर पॉयनियर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही, निशांत निर्मोही ने कहा कि स्कूल में नीट में एवं जेईई की परीक्षाओं के लिए नियमित तैयारी करवाई जाती है। जेईई मेन की परीक्षा में भी स्कूल के 13 विद्यार्थियों, जेईई एडवांस्ड में स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की थी। स्कूल चेयरमैन शीलू निर्मोही, प्राचार्या गीतिका मेहता, उपप्राचार्या मैत्री निर्मोही, तनु भाटिया ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक व्यक्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों के निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसलों की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है।

### मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ करने वाला गिरफ्तार

**ओढां।** ओढ़ा पुलिस ने मेडिकल स्टोर में घुसकर तोडफ़ोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह निवासी ओढ़ा के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह ने बताया कि 14 जून 2025 को निर्मल सिंह पुत्र अजेब सिंह निवासी ओढ़ा ने शिकायत दी थी कि उसकी कालांवाली कैंचियों पर सिधु फार्मेसी मेडिकल नाम से दुकान है। दोपहर को आरोपी दुकान में घुसे तोडफ़ोड़ करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी पीएसआई राजपाल ने जांच शुरू की और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### बॉक्सिंग के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 18 को

**सिरसा।** खेल विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला)-2025 का आयोजन 27 जून से 29 जून तक जिला पंचकूला में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 18 जून को शहीद भगत सिंह खेल परिसर सिरसा में आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि प्रतिभागियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। ट्रायल के दिन खिलाडिय़ों का वजन प्रात:: 8:00 बजे से किया जाएगा। सभी खिलाडिय़ों को ट्रायल के समय अपने जिले से संबंधित दस्तावेज, जैसे रिहायशी प्रमाण पत्र एवं बिजली बिल/ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट/ बैंक अकाउंट की प्रति अवश्य साथ लानी होगी। यह प्रतियोगिता सीनियर स्तर की है, जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के लिए विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले होंगे।

### लहरियां से बाइक चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह ने भूना क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लहरियां निवासी राजेन्द्र ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। रात को अज्ञात चोर वहां से उसका मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। सुबह जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन बाइक का कोई सुनाग नहीं लगा।

# ब्लॉक समिति मामले में रोचक मोड़, अविश्वास प्रस्ताव पर दोफाड़

## 7 में से 2 सदस्य हुए अलग, कोरम पूरा न होने पर चेयरमैन, वाइस चेयरमैन का चुनाव टला, अब 24 को फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/जाखल



**जाखल।** ब्लॉक समिति के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के चुनाव को लेकर बैठक में पहुंचे सदस्य।

जाखल ब्लॉक समिति के चुनाव में रोचक मोड़ आ गया है। 3 जून को अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सदस्यों में जहां काफी एकजुटता दिखाई दी थी वहीं इसके विपरीत सोमवार को 14 दिनों बाद ही इनमें पड़ी फूट भी जगजाहिर हो गई। बागी हुए 7 सदस्यों में से 2 सदस्य खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बुलाई गई बैठक से गैर हाजिर रहे, जिससे अब 10 सदस्यों वाली पंचायत समिति दो धड़ों पर बंटती हुई दिखाई दे रही है।

अब इसे राजनीतिक दबाव कहें या सियासी चाल, कल तक जहां यह संभावना जताई जा रही थी कि सभी एकजुट सातों सदस्यों में से जल्द नया चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का चेहरा बन सकते हैं वहीं आज यह सामने आया है कि कहीं न कहीं आपसी तालमेल गड़बड़ा गया है व पूर्व अध्यक्ष जगतार सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष मीनू अपनी ताकत दिखाने में सफल रहे। ब्लॉक समिति जाखल के अध्यक्ष जगतार सिंह और उपाध्यक्ष मीनू कंबोज के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव अब राजनीतिक अस्थिरता की ओर बढ़ता दिख रहा है। 3 जून को सात सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित करवाने के बाद सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक बुलाई गई थी। लेकिन 10 में से महज पांच सदस्यों की मौजूदगी के कारण बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक के लिए पंचायत विभाग द्वारा सभी 10 सदस्यों को सुबह 11 बजे बुलाया गया था, लेकिन केवल वार्ड-2 से सरबजीत कौर, वार्ड-3 से सुखतिंदर सिंह, वार्ड-4 से ममता रानी, वार्ड-5 से रामचंद्र और वार्ड-7 से रामशरण पप्पू ही उपस्थित हुए। शेष सदस्य जिनमें पूर्व अध्यक्ष जगतार सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष मीनू, वार्ड-8 से रमनदीप कौर, वार्ड-9 से बलजिंदर सिंह और वार्ड-10 से मीनू बैठक से अनुपस्थित रहे। इस गैरहाजिरी के कारण बैठक में कोरम पूरा नहीं हुआ और पंचायत विभाग अधिकारियों ने नियमानुसार बैठक को स्थगित करते हुए अगली तारीख 24 जून घोषित कर दी है। जानकारी के अनुसार, 24 जून को प्रस्तावित अगली बैठक में यदि छह सदस्य भी मौजूद रहते हैं तो चुनाव प्रक्रिया संपन्न मानी जाएगी। लेकिन यदि छह से कम सदस्य उपस्थित होते हैं, तो बैठक रद्द मानी जाएगी और अगली बैठक में कोरम की बाध्यता समाप्त कर दी जाएगी, यानी किसी भी संख्या में उपस्थित सदस्यों की मौजूदगी में चुनाव कराया जा सकेगा। बैठक के दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह, कार्यकारी बीडीपीओ विकास लांग्यान, सचिव रमेश सैनी, एससीपीओ शीशपाल सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अब दो गुटों में बंटी ब्लॉक समिति

विशेष बात यह है कि जिन सात सदस्यों ने मिलकर 17 मई को जिला उपायुक्त कार्यालय में अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया था, उनमें से 2 सदस्य अब इस नई चुनावी प्रक्रिया से दूरी बना चुके हैं। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि ब्लॉक समिति अब दो गुटों में बंट गई है और दो पक्षों में पांच-पांच सदस्य हैं। हालांकि गैरहाजिर सदस्यों की ओर से अनुपस्थिति का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे राजनीतिक चुप्पी और भीतरघात के तौर पर देखा जा रहा है।

### बैठक को लेकर रही कड़ी सुरक्षा

नए अध्यक्ष एवं वाइस चेयरमैन के चुनाव को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। विशेष तौर पर किसी भी तरह के झगड़े एवं अन्य विवाद की आशंका को लेकर जाखल पुलिस थाना प्रभारी कुलदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे किसी भी बाहरी व्यक्ति को कार्यालय में दाखिल नहीं होने दिया गया। हाजिर हुए सभी सदस्यों के पहचान पत्र जांचे गए। तय समय 11 बजे पर बैठक शुरू होने की सूचना कार्यालय के बाहर दी गई और इसके बाद समय समाप्ति के लिए भी बाकायदा कर्मचारी बाहर आकर आवाज लगाते रहे। लेकिन इसके बावजूद नए अध्यक्ष और वाइस चेयरमैन का चुनाव संपन्न नहीं हो सका।

### 3 जून को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को हटाया गया था

गौरतलब है कि 3 जून को अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अध्यक्ष जगतार सिंह और उपाध्यक्ष मीनू कंबोज को उनके पदों से हटा दिया गया था। इसके बाद 16 जून को नए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए चुनाव तय हुआ, जो अब स्थगित कर 24 जून को कर दिया गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि 24 जून को किस पक्ष का पलड़ा भारी रहता है और क्या ब्लॉक समिति में स्थायित्व लौटता है या फिर राजनीतिक उठा-पटक का नया दौर शुरू होता है।

# हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज. सिरसा



**सिरसा।** हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन की मीटिंग में पहुंचे शिक्षक।

हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन की सिरसा जिला की इकाई द्वारा जिला स्तरीय बैठक की गई जिसमें कॉन्ट्रेक्ट एक्सटेंशन, प्रमोशन, ट्रांसफर आदि कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। यूनियन प्रधान मुकेश सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा कौशल कर्मचारियों के पक्ष में ही कार्य किया है और हमें सरकार की कार्यवाही पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि कौशल अध्यापकों की मेहनत के कारण सरकारी विद्यालयों के वार्षिक परीक्षा परिणाम में काफी सुधार आया है, साथ ही विद्यार्थियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। भविष्य में भी सभी कौशल अध्यापक और ज्यादा तन्मयता से रिजल्ट को सुधारेंगे तथा संख्या वृद्धि का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपनी मांगें स्पष्ट करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ट्रांसफर व प्रमोशन से कौशल में कार्यरत अध्यापक प्रभावित न हो ऐसी ही व्यवस्था की सरकार से उम्मीद करते हैं। साथ ही उन्होंने मांग रखी कि रिलीव्ड पीजीटी अध्यापकों को जल्दी ही पुनः ज्वाइन करवाया जाए, साथ ही कौशल अध्यापकों का अनुबंध पूरे वर्ष का एक साथ जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्तमान में कौशल अध्यापक पूरी योग्यता रखते हैं तथा अपने अपने विद्यालयों में प्रत्येक कर्तव्य का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से कर रहे हैं। अतः सरकार जल्दी से जल्दी उनकी इन मांगों पर संज्ञान ले।

# सरकार ने जनता से किए हर वादे को किया पूराः कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि केंद्र सरकार का 11 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनता से किए हर वादे को पूरा करने का काम किया है। केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का कैबिनेट मंत्री ने अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को सरकार की महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा सिरसा स्थित सरल केंद्र परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मंत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी मिलेगी।

### अंकित से मारपीट मामले की जांच शुरू

सिरसा। शहर के एक ज्वेलर्स संचालक द्वारा गांव माधोसिंघाना निवासी सेल्जमैन अंकित के साथ की गई मारपीट व हिरासत में रखने के मामले में कोर्ट के आदेश पर डीएसपी अर्शदीप सिंह ने सोमवार की सुबह अंकित के पिता सुभाष व चाचा बंसीलाल के बयान दर्ज किए। पिता सुभाष ने डीएसपी को श्याम अस्पताल की सीसीटीवी फुटेज की पेन ड्राइव भी सौंपी। बता दें कि इससे पूर्व सीजेएम कोर्ट ने सिटी थाना की फुटेज फ्रीज करने सहित इस मामले के जांच अधिकारी को बदलने के आदेश दिए थे। डीएसपी के बयान दर्ज करने के बाद अब परिजनों को न्याय की उम्मीद जगी है। सिरसा के भादरा बाजार स्थित विष्णु ट्रेडिंग कंपनी में सेल्समैन के तौर पर कार्यरत माधोसिंघाना निवासी दलित युवक अंकित को पहले सोना.चांदी चोरी के एक मामले में दुकान मालिक द्वारा झूठा फंसाया गया और फिर पुलिस द्वारा उत्पीडऩ किया गया। 19 मई को आरोप लगाने के तुरंत बाद अंकित को आरोपी विष्णु, बंसीलाल, राजेश सोनी ने दुकान के एक कमरे में बंद कर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जातिसूचक गालियां दी और चोरी कबूलने का दबाव बनाया गया। इसके बाद उसे रात लगभग 9 बजे गंभीर हालत में पुलिस को सौंपा गया, लेकिन पुलिस ने उसे अवैध हिरासत में रखा।

# एसडीएम ने योग दिवस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम।

सडीएम अर्पित संगल ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपमंडल व खंड स्तर पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में योग दिवस की तैयारियों व योग प्रोटोकॉल अभ्यास बारे दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 21 जून को उपमंडल व खंड स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां लगाई गई है, वे पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि 21 जून को डबवाली की मार्केट कमेटी बी-ब्लॉक में सुबह छह बजे खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डबवाली में आयोजित उपमंडल व खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी प्रोटोकॉल योग प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर डीएसपी कपिल अहलावत, नायब तहसीलदार रवि कुमार भी मौजूद रहे।

# बिजलीकर्मियों की कन्वेंशन 19 को, बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक रानियां में हुई। बैठक में आगामी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर विचार-विमर्श किया गया। यूनिट प्रधान ज्वाला सिंह, अविनाश चंद व सुखदेव सिंह ने बताया कि चेयरमैन देवेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में 19 जून को कन्वेंशन है, वे डबवाली व सिरसा में कर्मचारियों को संबोधित करेंगे। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, राज्य का अलग से आठवां वेतन आयोग गठित किया जाए, स्थाई भर्ती की जाए, लाखों बेरोजगार खाली घूम रहे हैं उनको रोजगार दिया जाए, जनता को अच्छी सुविधा मिले, महंगाई पर रोक लगाई जाए, किसान मजदूर दुकानदार की तमाम मांगों को लेकर ऐतिहासिक हड़ताल होगी। इस मौके पर सुरजीत सिंह बेदी मुख्य सलाहकार, गुलबाग सिंह यूनिट प्रधान सब अर्बन, कनी राम यूनिट सचिव, शीश पाल यूनिट कैशियर, विनोद कुमार, हरदीप सिंह, हरदेव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को दी निःशुल्क कानूनी सहायता योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला में चलाई जा रही कानूनी जागरूकता वैन सोमवार को गांव पंजुआना पहुंची। मोबाइल वैन के माध्यम से पैनल अधिवक्ता शारदा सहारण व पैरालीगल वॉलिंटियर मंगतू राम ने आमजन को कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों व मुफ्त कानूनी सहायता योजना, हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि मोबाइल वैन के माध्यम से प्राधिकरण के संदेश 'न्याय सबके लिए' को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित किया जा रहा है। यह वैन गांव-गांव जाकर आने वाली 12 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में भी आमजन को जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविर में कृषि, समाज कल्याण, श्रम कल्याण, चुनाव व अन्य सरकारी-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# जयमल सर्वसम्मति से बने राजस्व लिपिकीय संगठन के राज्य प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। चुनाव के बाद नवनिर्वाचित संगठन के पदाधिकारी।

राजस्व लिपिकीय संगठन हरियाणा एवं दिल्ली का 17 वां त्रिवार्षिक राज्य सम्मेलन सोमवार को झुथरा धर्मशाला में हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से हुई चुनाव प्रक्रिया में सर्कल सिरसा से प्रधान पद के लिए जयमल सिंह, सर्कल हिसार से विकास पूनिया को महासचिव, सर्कल रोहतक से सज्जन कुमार को वरिष्ठ उप-प्रधान व सर्कल हिसार से कुमारी अंशुल को उपप्रधान, देवी लाल कुहाड़ को निर्विरोध चेयरमैन चुना गया। चुनाव उपरांत सभी नवनिर्वाचित साथियों को पद की शपथ दिलवाई गई। नवनिर्वाचित राज्य प्रधान जयमल सिंह ने इस अवसर पर सभी साथियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन ने जो मेरी जिम्मेवारी लगाई है, मैं उसको पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाऊंगा। गौरतलब है कि राजस्व लिपिकीय संगठन के चुनाव में समस्त हरियाणा के परिमण्डलों के डेलीगेट साथियों ने भाग लिया।

वहीं चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर सर्वकर्मचारी संघ सिरसा के जिला प्रधान मदन लाल खोथ, प्रधान अशोक कुमार(रिटायर्ड कर्मचारी संघ सिरसा), राज्य प्रधान सुरेश मोर, सतीश कुमार जिलेदार, जिलेदार एव डिप्टी कलेक्टर संघ ने ड्यूटी निभाई। इस मौके पर कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोहित अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई फतेहाबाद के फिर बने जिला अध्यक्ष

**फतेहाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज फतेहाबाद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला व बलराम गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि गर्ग से विचार करते हुए मोहित गर्ग को एक बार फिर से युवा इकाई का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मोहित गर्ग को युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर समाज के समस्त सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी और गर्ग की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला महासचिव राजेश सिंगला एवं बलराम गुप्ता , रवि गर्ग व जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल का आभार प्रकट किया हैं। जिला अध्यक्ष मित्तल ने युवा जिला अध्यक्ष को जिला कार्यकारिणी गठित करने एवं प्रत्येक विधानसभा पर कार्यकारिणी बनाने के भी निर्देश दिए हैं। मोहित गर्ग ने अपनी नियुक्ति पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने उन पर जो पुन विश्वास जताया है वह उसे पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

### भीषण गर्मी के चलते पूर्ण सोसायटी ने बाजार में लगाई छबील

**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्था पूर्ण सोसायटी द्वारा शहर की थाना पार्किंग के पास भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ठण्डे व मीठे पानी की छबील लगाई। दोपहर में घंटों तक चली इस छबील में हजारों लोगों को ठण्डे व मीठे पानी की सेवा दी गई। इस सेवा कार्य में सुरेन्द्र, राजकमल, सुदर्शन नरुला, संयम कुमार, विकास नायक, ललित चक्रवर्ती, टोनी गांधी, हर्ष नागपाल, रिंकू राजपूत, पुनित ग्रोवर, रोहित नायक, आदित्य कुमार, नरेन्द्र जैन, कुनाल कुमार, युवी कुमार, आदित्य कुमार, हितेन नरुला, सुभाष ईशरान, गौरव गोयल व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

कार्यक्रम | जिला नागरिक अस्पताल में आयोजन, 31 जुलाई तक घर-घर जाकर जागरूक करेंगे

# डायरिया रोको अभियान शुरू, स्वच्छता को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। डायरिया रोको अभियान का शुभारंभ करते चिकित्सा अधिकारी डा. पवन।

जिला नागरिक अस्पताल में सोमवार को डायरिया रोको अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन, एसएमओ डॉ. सुभाष, डीआईओ डॉ. रणजीत कंबोज और नोडल अधिकारी परिवार कल्याण डॉ. भारत भूषण मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस अवसर पर एसपीओ योगेश खन्ना, दर्शना, निर्मला और अनीता सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। डॉ. पवन और डॉ. रणजीत कंबोज ने बताया कि गर्मी और बरसात के मौसम में डायरिया के मामले तेजी से बढ़ते हैं। इसी के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 जून से 31 जुलाई तक विशेष डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए घर-घर जाकर डायरिया से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। साथ ही बच्चों को ओआरएस के दो पैकेट और जिंक की 14 गोलियां मुफ्त में वितरित की जाएंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को डायरिया से बचाना और आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। विभाग द्वारा इस अभियान के लिए एक विशेष स्लोगन दिया गया है 'डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' दिया गया है। एसपीओ योगेश खन्ना ने बताया कि इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. एम.के. भादू ने निर्देश दिए हैं कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएं, ताकि आमजन को इनकी जानकारी और उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, आशा कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे घर-घर जाकर ओआरएस का वितरण करें और लोगों को इसके सही उपयोग के बारे में जानकारी दें। इसके अलावा स्कूलों में बच्चों को हाथ धोने के महत्व और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।